प्रेस विज्ञप्ति

जिला–सरगुजा अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिये तृतीय वर्ग (गैर कार्यपालिक) एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के युवाओं से तृतीय (गैर कार्यपालिक) एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु 02 अगस्त 2022 को शाम 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया है कि जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के शिक्षित युवाओं को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती हेतु अनुसूचित जनजाति के रिक्त 20 प्रतिशत पदो के विरूद्ध विशेष भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। इच्छुक युवा निर्धारित प्रारूप में कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा में नियत तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। सरगुजा जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति विशेष भर्ती से संबंधित आवेदन फार्म कम्पोजिट बिल्डिंग जिला कार्यालय अम्बिकापुर के प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक 21 से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदक को आवेदन फार्म भी कक्ष क्रमांक 21 में ही जमा किया जाना है। आवेदन अवकाश के दिनों में भी कार्यालयीन समय में दिनांक 02 अगस्त 2022 तक जमा किया जा सकता है। विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा वर्ग के लिये परियोजना अधिकारी द्वारा प्रदत्त सर्वे क्रमांक प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है। इसके अभाव में आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा। आवेदक की उम्र 01जूलाई 2022 की स्थिति में 18 वर्ष से कम या 45 वर्ष से ज्यादा नहीं होना चाहिए। आवेदक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, कम्पोजिट बिल्डिंग जिला कार्यालय सरगुजा के सूचना पटल से सतत सम्पर्क बनाये रखेगें। आवेदक जिला कार्यालय सरगुजा के वेबसाइट www.surguja.gov.in का भी लगातार अवलोकन करते रहें। किसी भी स्तर पर आवेदक को लिखित पत्राचार नहीं किया जावेगा। नियुक्ति के प्रत्येक चरण के लिए समय–सीमा तय किया गया है। 04 अगस्त 2022 शाम 5:00 बजे तक आवेदनों का परीक्षण कर मेरिट सूची जारी कर दी जावेगी। आवेदक दिनांक 05 अगस्त 2022 शाम 5:00 बजे तक दावा आपत्ति कर सकेगा। दिनांक 06 अगस्त 2022 को सुबह 11:00 बजे तक दावा आपत्ति निराकरण पश्चात अंतिम मेरिट सूची और रिक्त पद के विरूद्ध दस्तावेज सत्यापन हेतु शार्ट लिस्टेड किये गये आवेदकों की सूची जारी किया जावेगा। दिनांक 07 अगस्त 2022 को सूबह 10:00 बजे से ऐसे शार्ट लिस्टेड किये गये अभ्यिर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन पी.जी. कॉलेज अम्बिकापुर के आडोटोरियम हॉल में किया जायेगा।

दिनांकः– 27.07.2022

27/7/22

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास विभाग
जिला–सरगुजा(छ0ग0)